उत्तर प्रदेश शासन
परिवहन अनुभाग-3
संख्या-43/2025/1280/30-3-2025-70जीई/2017
लखनऊ : दिनांक 28 मई, 2025

<u>विज्ञप्ति/नियुक्ति</u>

परिवहन आयुक्त संगठन के अन्तर्गत कार्यरत श्री सुरेश कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (वरिष्ठ वेतनमान) को नियमित चयनोपरान्त संभागीय परिवहन अधिकारी, वेतन बैण्ड-3 रू0 15600-39100 एवं ग्रेड वेतन रू0 7600/- (यथासंशोधित सातवें वेतन आयोग के पे मैट्रिक्स के अनुसार) के पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से पदोन्नति प्रदान किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- उक्त आदेश दिनांक 01.06.2025 को उपलब्ध होने वाली रिक्ति के सापेक्ष प्रभावी होगा।

3- श्री सुरेश कुमार की तैनाती के आदेश पृथक से निर्गत किये जायेंगे।

ह0/-
(अमित गुप्ता)
प्रमुख सचिव।

<u>संख्या-43 /2025/1280(1)/30-3-2025, तददिनांक।</u>
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

(1) महालेखाकार, उ0प्र0 प्रयागराज।
(2) परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
(3) संबंधित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।
(4) अपर परिवहन आयुक्त (प्रशासन), उ0प्र0 लखनऊ।
(5) संबंधित वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी।
(6) समस्त उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र)/संभागीय परिवहन अधिकारी (द्वारा परिवहन आयुक्त उ0प्र0)।
(7) संबंधित अधिकारी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि कृपया अपनी योगदान आख्या सम्बन्धित उप परिवहन आयुक्त(परिक्षेत्र) को देना सुनिश्चित करें तथा शासकीय कार्यहित में पूर्व पद के पदीय दायित्वों का निर्वहन अग्रिम आदेशों तक यथावत करते रहेगें।
(8) निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उ0प्र0 इलाहाबाद को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया इस विज्ञप्ति/नियुक्ति को उ0प्र0 के सरकारी गजट के आगामी अंक में प्रकाशित कराते हुए मुद्रित राजपत्र की पच्चीस प्रतियां शासन को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
(9) कार्मिक अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन।
(10) गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,
ह0/-
(नितिन कुमार गुप्त)
उप सचिव।